दैनिक भास्कर 07/09/2024

कॉलेज की महिला स्टाफ को सौंदर्य उत्पाद भेंट किए

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में महिला सेल ने एक अनूठा कार्यक्रम कराया, जिसमें महिला स्टाफ सदस्यों के बीच सौंदर्य उत्पाद वितरित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला स्टाफ सदस्यों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नेहा अग्रवाल ने कहा कि सौंदर्य केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में शफीक एवं लकी ने बतौर अतिथि शिरकत की। स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम को महिलाओं के प्रति सकारात्मक और सम्मानजनक कदम माना। सह संयोजिका डॉ. रवनीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिला सशक्तिकरण और स्वयं की देखभाल के महत्व पर जोर दिया जा जाता है।